# कार्यालय नगर पालिक निगम रतलाम (म.प्र.)

दिनांक 20—04—2021

## —बैठक कार्यवृत दिनाक 20—04—2021—

दिनांक 20—04—2021 को दोप 1.00 बजे ''स्वच्छ सर्वेक्षण 2021'' व कोविड—19 संक्रमण में होम आइसोलेशन के मरीजों को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी बाबत आयोजित बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :—

1— श्री विकास सोलंकी—उपायुक्त नगर पालिक निगम—रतलाम,
2— श्रीमती ज्योति सुनारिया—सहायक आयुक्त,
3— श्री जी.के. जायसवाल, प्र0कार्यपालन यंत्री,
4— श्री श्याम कुमार सोनी प्र0सहायक यंत्री,
5— श्री अनवर कुरैशी, ,,
6— श्री एम.के. जैन, ,,
7— श्री सत्यप्रकाश आचार्य, ,,
8— श्री ए.पी. सिंह—प्र0 स्वच्छता अधिकारी,
9— श्री जसवन्त जोशी—प्र0सचिव,
10— श्री रामचन्द्र शर्मा प्र0कार्यालय अधीक्षक,
11— श्री बी.एल. चावरे जलप्रदाय/पीएमएव्हाय,
12— श्री सुहास पंडित—उप यंत्री – जलप्रदाय,
13— श्री भैयालाल चौधरी—उपयंत्री,
14— श्री विकाससिंह मरकाम—उपयंत्री,
15— श्री ब्रजेश कुशवाह—उपयंत्री,
16— श्री सिद्धार्थ सोनी—उपयंत्री,
17— श्रीमती अनिता ठाकुर—उपयंत्री,
18— सुश्री दीक्षा निजामपुरकर—उपयंत्री,
19— श्री जगदीश पांचाल, लेखापाल,
20— श्री कपिल मारोठिया, सिटी मिशन मैनेजर,
21— श्री नितिन तिवारी, ,, ,,
22— श्री प्रतीक मिश्रा—कंसलटेंट—सालिड वेस्ट मैनेजमेंट,
23— श्री धर्मेन्द्र दोगाया, उद्यान पर्यवेक्षक,
24— श्री अनिल पारा, ,, ,,
25— श्री पर्वत हाड़े—प्र0 स्वच्छता निरीक्षक,
26— श्री किरण कुमार चौहान—प्र0 स्वच्छता निरीक्षक,
27— श्री विजय कपूर—सहायक राजस्व निरीक्षक,
28— श्री हरीश मिश्रा ,,
29— श्री देवेन्द्र पुरोहित—फायरमेन,
30— श्री जितेन्द्र सिसोदिया—फिल्टर अटेंडेंट,
31— श्री जय उपाध्याय—उप स्वच्छता पर्यवेक्षक,
32— श्री तरूण राठोड़, ,,
33— श्रीमती मौनिका चौहान, ,,
34— श्री विनयसिंह चौहान, ,,
35— श्री वासुदेव बैरागी—सहायक राजस्व निरीक्षक,
36— श्री नवीन बैरागी—सामान्य प्रशासन वि0,
37— श्री प्रमोद तिवारी—स्टेनोग्राफर,



Scanned with CamScanner

बैठक में चर्चा के दौरान निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

(1). स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत पूर्व में दिये गये निर्देशानुसार डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में मिक्स कचरा नहीं लेने, सूखा व गीला कचरा अलग–अलग लेने के अन्तर्गत सेग्रीग्रेशन का कार्य किया जावे । इस प्रकार 100 प्रतिशत कचरा कलेक्शन का कार्य किया जाकर वार्ड लेवल पर सेग्रीग्रेशन शत–प्रतिशत हो यह सुनिश्चित किया जावे।

(2). वार्ड में कचरा गाड़ी बराबर नियमित रूप से समय पर जाये यह सुनिश्चित किया जावे। वार्ड में समय पर उक्त वाहन न आने पर वाहन चालक व हेल्पर पर कार्यवाही की जावेगी ।

(3). नाले–नालियों की सफाई बराबर हो यह सुनिश्चित किया जावे ।

(4). कस्तूरबा नगर मेन रोड़/गली नंबर 07 के चौराहे पर स्थित पाइप लाईन के लीकेज को तत्काल दुरूस्त करवाया जावे व उक्त मेन रोड़ के सीवरेज कार्य के दौरान हुए गड्ढों की आवश्यक दुरूस्ती का कार्य करवाया जाय।

(5) मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल के ज्ञाप क्रमांक/62/1441/SWM/UD &HD/2021, भोपाल दिनांक 18–04–2021 अनुसार कोविड–19 संक्रमण में होम आइसोलेशन के मरीजों को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी हेतु निर्देशित किया गया । इस हेतु संबंधित द्वारा कार्य किया जाना सुनिश्चित किया जावे । रतलाम नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में होम आइसोलेशन के मरीजों को मेडिसिन किट वितरण हेतु श्री जी.के. जायसवाल (प्र0कार्यपालन यंत्री) 7471144905 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है व श्री जायसवाल के सहयोगी के रूप में श्री धर्मेन्द्र दोगाया (उद्यान पर्यवेक्षक) 7471144959 कार्य संपादित करेंगे ।

(6). श्री ए.पी. सिंह प्र0स्वास्थ्य अधिकारी (7471144930) द्वारा प्रतिदिन ई–दक्ष केन्द्र रतलाम से होम हाइसोलेशन के मरीजों की सूची प्राप्त कर सूची अनुसार जिला अस्पताल के स्टोर (भण्डार कक्ष) से आवश्यक मात्रा में मेडिसिन कीट संग्रहित करेंगे इस दौरान । सूची अनुसार मेडिसिन कीट का मिलान कर लिया जावे तथा पश्चात् नगर निगम के अग्निशमन कार्यालय कक्ष में इसे उपलब्ध करायी जावे । इस कार्य के लिए वाहन क्रमांक एम.पी. 43–0120 का



Scanned with CamScanner

प्रयोग किया जावेगा । उक्त कार्य हेतु प्र0स्वास्थ्य अधिकारी के सहयोगी के रूप में श्री धर्मेन्द्र चौहान (देवेभो कर्मचारी 9907636528) कार्य संपादित करेंगे।

(7). श्री देवेन्द्र पुरोहित (फायरमेन) 9617557808 द्वारा अग्निशमन कार्यालय कक्ष में प्राप्त मेडिसिन कीट का आवक रिकार्ड दर्ज कर वार्डो के पर्यवेक्षकों को आवश्यकतानुसार होम आइसोलेशन के मरीजों को मेडिसिन कीट वितरण हेतु उपलब्ध करावेंगे जिसका रिकार्ड भी संधारित किया जावेगा। सहयोगी के रूप में श्री अंकित जोहरी (देवेभो कर्मचारी) 9406863491 कार्य संपादित करेंगे ।

(8). नगर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित होम आइसोलेशन के मरीजों को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी हेतु आदेश क्रमांक/157/2021, दिनांक 19–04–2019 में दर्शाये अनुसार वार्ड के वार्ड पर्यवेक्षक, वार्ड प्रभारी/दरोगा द्वारा सूची अनुसार प्रति दिन समय सीमा में मेडिसिन किट वितरण का कार्य किया जाय। वार्ड प्रभारी/दरोगा की ड्यूटी वार्ड में इसलिए लगायी गई है कि वे वार्ड में सभी को भली प्रकार से जानते हैं । कर्मचारी इस कार्य में किसी घर के अन्दर नहीं जायेंगे। नोडल अधिकारी/पर्यवेक्षक द्वारा उक्त मेडिसिन किट वितरण के कार्य को देखा जाय।

(9). मेडिकल कॉलेज क्षेत्र में कचरा काफी इकट्ठा हो रहा है, अतः श्री ए.पी.सिंह प्र0स्वच्छता अधिकारी वहां का करीब 4–5 डंपर कचरा उठवाने की व्यवस्था करे तथा वहां पर कार्यरत कर्मचारियों को देखा जाय कि सफाई में कहां पर लापरवाही हो रही है ।

(10). उक्तानुसार गठित दल द्वारा वार्डवार की गई कार्यवाही की प्रतिदिन की जानकारी संकलित करने हेतु निम्नानुसार झोनल पर्यवेक्षक नियुक्त किये गए हैं :–

| क्र0 | अधिकारी का नाम | सहयोगी कर्मचारी का नाम | झोन क्र0 |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री सत्यप्रकाश आचार्य प्र0सहायक यंत्री | श्री ए.पी. सिंह प्र0स्वास्थ्य अधिकारी | 01 |
| 2 | श्री एम.के. जैन प्र0सहायक यंत्री | श्री ए.पी. सिंह प्र0स्वास्थ्य अधिकारी | 02 |
| 3 | श्री अनवर कुरैशी प्र0सहायक यंत्री | श्री किरण चौहान झोन प्रभारी | 03 |
| 4 | श्रीमती ज्योति सुनारिया सहायक आयुक्त | श्री पर्वत हाड़े झोन प्रभारी | 04 |

झोनल पर्यवेक्षक द्वारा संकलित की गई जानकारी प्रतिदिन श्री वासुदेव बैरागी सहायक राजस्व निरीक्षक को उपलब्ध करायी जावेगी एवं श्री वासुदेव बैरागी द्वारा प्रतिदिन (प्रातः 10.00 बजे के पूर्व) उक्त जानकारी गुगल शीट पर दर्ज की जावेगी ।



Scanned with CamScanner

(11). मालवा आक्सीजन इंटरप्राइजेस जावरा रोड़ के यहां 4–4 लोगों की ड्यूटी 04 शिफ्ट में 6–6 घंटे के मान से लगायी जावे । वे आक्सीजन लेकर आयेंगे व मेडिकल कालेज पहुंचायेंगे, आक्सीजन का उठाव आदि कार्य करेंगे । इस हेतु आवश्यकतानुसार कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्यान, प्रकाश व अन्य विभाग से लिये जावेंगे ।

(12). इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग से 2–2 कर्मचारी पीपीई किट पहनकर 8–8 घंटे के लिए मेडिकल कॉलेज के यहां ड्यूटी देंगे । निकाय में जो कर्मचारी/श्रमिक उपलब्ध है उसमें से लगाना है इसके अन्तर्गत नाला सफाई वाले कर्मचारी में से ड्यूटी लगाया जावे । मेडिकल कालेज के 04 फ्लौर में से प्रत्येक पर 02 कर्मचारी की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगायी जावे । इनको वार्ड के अन्दर नहीं जाना है ये सफाई करके आ जायेंगे ।

(13). शव वाहन की लाग बुक में इंट्री हो रही है अथवा नहीं यह देखा जावे व शव वाहन पर पर्यवेक्षण का कार्य श्री किरण चौहान प्र0 स्वच्छता निरीक्षक द्वारा किया जाय।

श्री वासुदेव बैरागी–समयपाल द्वारा उक्त कार्यवृत को निगम वेबसाईट पर अपलोड किया जाय ।

उपरोक्तानुसार बिन्दुओं के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जाय।

(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगरपालिक निगम रतलाम

पृ0क्र0/567/24/नि.स./2021, रतलाम, दिनांक 22–04–2021

<u>प्रतिलिपि,</u>

1– कलेक्टर एवं प्रशासक, नगर पालिक निगम–रतलाम की ओर अवलोकनार्थ ।

2– समस्त विभाग प्रमुख, नगर पालिक निगम–रतलाम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

आयुक्त
नगरपालिक निगम.रतलाम

Scanned with CamScanner